GENIUS HIGH SCHOOL - BHONGIR
FORMATIVE ASSESSMENT - 01

Class: IX
Sub: Hindi
Marks: 40

I निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी है। इसे मयूर, कैको, नर्तन, नीलकंठ, श्यामकंठ और सिखी कहते है। यह बडा सुंदर होता है। इसका कंठ लंबा और नीला होता है उस पर एक कलगी होती है। इसके पंख लंबे और रंगीले होते है। बादलों से घिरे आसमान को देखकर मोर अपने पंख फैलाकर नाचने लगता है।

1. हमारा राष्ट्रीय पक्षी क्या है?
2. मोर के दूसरे नाम क्या है?
3. मोर के पंख कैसे होते है?
4. मोर क्या फैलाकर नाचने लगता है?
5. ऊपर दिए गए गद्यांश का सही शीर्षक लिखो।

II निम्न प्रश्नों में से किंही पाँच (5) प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. मनुष्य के जीवन में पोशाक का क्या महत्व है?
2. भगवाना अपने परिवार का निर्वाह कैसे करता था?
3. पहले पद में भगवान और भक्त की जिन-जिन चीजों से तुलना की गई है, उनका उल्लेख कीजिए।
4. दूसरे पद में कवि ने 'गरीब निवाजु' किसे कहा है? स्पष्ट कीजिए
5. गिल्लू किन अर्थो में परिचारिका की भूमिका निभा रहा था?
6. सोनजुही में लगी पीली कली को देखकर लेखिका के मन में कौन-से विचार उमडने लगे?
7. लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था?

III सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 10m

1. बुढ़िया को कोई भी क्यों उधार नही देता?
2. किसी व्यक्ति की पोशाक को देखकर हमें क्या पता चलता है?
3. उस स्त्री के लडके की मृत्यु का कारण क्या था?
4. उस स्त्री को देखकर लेखक को कैसा लगा?
5. खरबूजे बेचनेवाली स्त्री से कोई खरबूजे क्यों नही खरीद रहा था?

IV निम्न लिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो। 5m

1. बदन –
2. गम –
3. बेचैनी –
4. ज़मीन –
5. ज़माना –

V निम्न लिखित शब्दों के प्रचलित रूप लिखिए – 5m

1. मोरा –
2. चंद –
3. राती –
4. छत्रु –
5. बाती –